ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 30-09-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-09-30 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-10-01	2022-10-02	2022-10-03	2022-10-04	2022-10-05
वर्षा (मिमी)	3.0	0.0	0.0	0.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	23.0	23.0	24.0	24.0	23.0
न्यूनतम तापमान(से.)	13.0	13.0	13.0	13.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	70	70	75	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	45	40	35	40	40
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	100	100	140
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	2	2	1	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा, लेकिन 30 सितम्बर व 4 अक्टूबर को कही-कहीं हल्के बादल या बूंदा-बांदी हो सकती है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 23.0 से 24.0 व 13.0 से 14.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/ घंटे की गति से दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 5 से 11 अक्टूबर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई मानचित्र ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.2-0.5 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है| किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा, अतः किसान भाई अपने खेतों में आवश्यक कृषि क्रियायें कर सकते है। मध्यम व ऊँचें पर्वतीय क्षेत्रों में, मटर, मूली, बन्दगोभी, फूलगोभी फसलो में गुड़ाई के पश्चात् पलवार का प्रयोग करें ताकि नमी संरक्षण हो सके।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, आमतौर पर मौसम साफ रहेगा लेकिन 30 सितम्बर व 4 अक्टूबर को कही-कहीं हल्के बादल या बूंदा-बांदी हो सकती है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान की फसल में भूरा या सफेद फुदके का प्रकोप होने पर, क्लोथियानिडिन 50 डब्ल्यू जी की 30 ग्राम मात्रा 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टर की दर से छिड़काव करें। यदि फुदके के साथ तना बेधक का भी प्रकोप हो तो फिप्रोनिल 5 एससी 1000 मिली/है डाले।
निम्बू/ संतरा	यदि सिइट्रस येलो मोज़ेक वायरस के लक्षण दिखइ दें तो संक्रमित टहनियों को छाँट लें और प्रणालीगत कीटनाशक जैसे इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस एल का 1 मिली/3 लीटर पानी या थायमेथॉक्सम 25 डब्लू जी का 1ग्राम/3 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
सोयाबीन	पीला मोजैक की रोकथाम हेतु पीले पड़ रहे पौधो को निकालकर नष्ट कर दें तथा सफेद मक्खी के नियंत्रण हेतु किसी सर्वांगी कीटनाशी रसायन का छिड़काव करें।
मूँग	पीला मोजैक की रोकथाम हेतु पीले पड़ रहे पौधो को निकालकर नष्ट कर दें तथा सफेद मक्खी के नियंत्रण हेतु किसी सर्वांगी कीटनाशी रसायन का छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
गोभी	घाटी क्षेत्रो में, घरेलू खपत के लिए सिंचित दशा में बन्दगोभी एवं फूलगोभी स्नोबॉल समूह का प्रतिरोपण करें।
सब्जी पीईए	ऊँचें पर्वतीय क्षेत्रों में सब्जी मटर की फसल या तो फूल आने की अवस्था में होगी या लगभग फूल आ चुकें होंगे, में गुड़ाई के पश्चात् दो पंक्तियों के बीच में पड़ी खाली जगह में नमी संरक्षण हेतु एक से दो से0मी0 मोटी पलवार पदार्थ की परत बना लें। इससे न केवल सब्जियाँ अच्छी गुणवत्ता वाली होंगी अपितु उत्पादन में भी 20-40 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इसी तरह की तकनीक को मूली, गाजर एवं शलजम सब्जियों में भी अपनाएँ।
सेब	सेब, नाशपाती, आडू, प्लम इत्यादि फल वृक्षों की गिरी पत्तियों को इकट्ठा करके गढ्ढे मे डाले तथा बीमार एवं रोगग्रसित पत्तियों को जलाकर नष्ट कर दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	जिन पशुओं में एफ0एम0डी0 (मुखपका खुरपका) रोग के टीके नही लगें है उन पशुओं में तत्काल टीकाकरण करा लें। ताकि आपका पशुधन स्वस्थ रहे और उस से सही उत्पादन प्राप्त हो सके। पशुओं को हरा चारा कम मात्रा में दें तथा हरे चारे में सूखा चारा मिलाकर दें।